तत्काल

क्रमांक 41/1/2005–5पोल

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

1. हरियाणा राज्य के सभी विभागाध्यक्ष
2. हरियाणा राज्य के सभी मण्ड़लायुक्त
3. हरियाणा राज्य के सभी उपायुक्त
4. हरियाणा राज्य के सभी बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक/ प्रबन्धक निदेशक

दिनांक चण्डीगढ़ 12 जून 2009

विषयः– 10 जनवरी 2001, 25 जुलाई 2001, 30 अक्तूबर 2007 तथा 20 अगस्त 2008 की हड़ताल की अवधि को नियमित करने बारे ।

––––

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपको सम्बोधित करने तथा यह कहने का निर्देश हुआ है कि अखिल भारतीय कर्मचारी संघ के आह्‌वान पर हरियाणा के कुछ विभागों/ बोर्डो / निगमों आदि में कुछ कर्मचारियों ने दिनांक 10.1.2001, 25.7.2001, 30.10.2007 तथा 20.8.2008 को हड़ताल की थी । इस सम्बन्ध में मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि विचारोपरान्त सरकार ने निर्णय लिया है कि विभिन्न विभागों/ बोर्डो / निगमों इत्यादि के कर्मचारियों द्वारा दिनांक 10.1.2001, 25.7.2001, 30.10.2007 तथा 20.8.2008 को की गई एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को देय अवकाश माना जाये ।

2. आपसे अनुरोध है कि तदानुसार आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए ।

भवदीय

हस्ता0

अवर सचिव, राजनैतिक,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

एक प्रति सभी वितायुक्त एवं प्रधान सचिव/ आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है ।

हस्ता0

अवर सचिव, राजनैतिक,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

1. सभी वितायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
2. सभी आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार ।

अशाः क्रमांक 41/1/2005–5पोल दिनांक चण्डीगढ़ 12 जून 2009

–––एसके–––